समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# यमुना जल समझौते के बाद जयपुर मे मुंख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भव्य स्वागत, बोले- कांग्रेस ने किए वादे, हमारी सरकार ने किया काम ; अब शेखावाटी की धरती पर किसान उगाएगा समृद्धि

राजेश चौधरी

Published on 30 Jun 2026



राजस्थान के लिए ऐतिहासिक माने जा रहे **यमुना जल समझौते** के बाद मंगलवार को जयपुर पहुंचे मुख्यमंत्री **श्री भजनलाल शर्मा** का राजधानी में अभूतपूर्व और भव्य स्वागत किया गया। रामबाग सर्किल पर बड़ी संख्या में उपस्थित प्रदेशवासियों, जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों, विधायकों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए इस ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मनाया।

मुख्यमंत्री ने इस आत्मीय स्वागत के लिए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि राजस्थान के विकास, किसानों की खुशहाली और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति जनता के विश्वास का प्रतीक है।

### 'यह केवल समझौता नहीं, शेखावाटी के भविष्य की नई शुरुआत'

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यमुना का जीवनदायिनी जल शेखावाटी सहित राजस्थान के लाखों लोगों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से जल संकट झेल रहे क्षेत्रों को अब स्थायी समाधान मिलने जा रहा है, जिससे किसानों, आम नागरिकों और आने वाली पीढ़ियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद उनकी सरकार को जनकल्याण के कार्यों के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र, राजस्थान और हरियाणा में लंबे समय तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन शेखावाटी क्षेत्र के जल संकट का समाधान निकालने के लिए कभी कोई गंभीर पहल

नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि हर चुनाव में यमुना का पानी लाने का वादा जरूर किया गया, लेकिन वे केवल चुनावी घोषणाएं बनकर रह गईं। दशकों तक न कोई निर्णायक निर्णय लिया गया और न ही धरातल पर कोई ठोस कार्य दिखाई दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने केवल घोषणा नहीं की, बल्कि वर्षों पुरानी इस मांग को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाते हुए ऐतिहासिक यमुना जल समझौता कर दिखाया।

**'मेरा किसान मिट्टी से सोना पैदा करेगा'**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राजस्थान का किसान मेहनत और आत्मविश्वास का प्रतीक है।

उन्होंने कहा,

**"आलू से सोना नहीं, मिट्टी से सोना पैदा करता है मेरा किसान। शेखावाटी की प्यासी धरती को जब पानी मिलेगा, तो मेरा अन्नदाता मिट्टी से सोना पैदा करके दिखाएगा।"**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाना और हर किसान को समृद्ध बनाना है। उनका मानना है कि सिंचाई सुविधाएं बढ़ने से कृषि उत्पादन में बड़ा परिवर्तन आएगा और शेखावाटी क्षेत्र आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत बनेगा।

**शेखावाटी के विकास को मिलेगी नई दिशा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल परियोजना केवल पानी उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास का आधार बनेगी।

उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाएं बढ़ने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। साथ ही पेयजल संकट से जूझ रहे लाखों परिवारों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

**जनता के विश्वास के लिए जताया आभार**

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने स्वागत से अभिभूत होकर प्रदेश की जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और यही विश्वास उन्हें राजस्थान को विकास के नए आयाम देने के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार जनहित, किसान हित और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

**रामबाग सर्किल बना उत्सव का केद्रं**

जयपुर के रामबाग सर्किल पर मुख्यमंत्री के स्वागत के दौरान उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, नारों और पारंपरिक स्वागत के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कई मंत्री, विधायक और भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं ने यमुना जल समझौते को राजस्थान के इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना की।

**राजस्थान के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि**

राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से इस समझौते को राजस्थान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। लंबे समय से शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल उपलब्ध कराने की मांग उठती रही थी। अब इस समझौते के बाद सरकार को उम्मीद है कि आने वाले समय में क्षेत्र के जल संकट का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में विकास और खुशहाली लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी तथा राजस्थान को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.